हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 15 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

जिले में पहली बार केबीसी की तर्ज पर हुआ प्रश्न मंच... 12



नगर में निकाली गई नशामुक्ति ... 12





## खबर संक्षेप

### ड्राइवर के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ड्राइवर के साथ मारपीट करने के मामले में बसना थाने में आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम रसोड़ा के लोकनाथ साहू के रिपोर्ट लिखाई है कि वह पिछले 2 साल से गांव के लोकनाथ साहू के घर ड्राइवरी का काम करता हैं। 12 सितंबर को वह और मुंशी भागवत बंजारा व हमालों के साथ कोलीहादेवरी व भैंसाखुरी से गाड़ी में धान लोड कराकर रात्रि करीबन 8.30 बजे लोकनाथ के घर रसोड़ा में ही गाड़ी छोड़ने गया था, लोकनाथ साहू के द्वारा गाली गलौज कर चोरी का इल्जाम लगाकर हाथ मुक्का से मारपीट किया और मुझ पर धान चोरी का झूठा केस लगाकर जेल भेजवा दूंगा कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले में आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### शराब की अवैध बिक्री एक व्यक्ति गिरफ्तार

**महासमुंद।** शराब की अवैध बिक्री के मामले में सरायपाली पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर के बताए स्थान ग्राम बोंदा बीज निगम आफिस पुलिया के पास एक व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिसने अपना नाम खेमराज बरिहा पिता कैरू बरिहा (37 साल) बाराडोली थाना सरायपाली जिला महासमुंद छग का निवासी होना बताया। जिसके कब्जे से 7 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत 1400 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

### गली में बह रहे गंदे पानी के चलते हुआ विवाद

**महासमुंद।** बम्हनी के एक गली में बह रहे गंदे पानी के चलते हुई मारपीट की घटना में सिटी कोतवाली में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को सुषमा ढीढी निवासी वार्ड नंबर 13 ने बताया कि उसके पड़ोसी देवनाथ जांगड़े , सेवती जांगड़े, कोमल जांगड़े, सुखदेव जांगड़े के घर का गंदा पानी बहने के कारण गली में कीचड हो गया है, जिससे आने जाने में परेशानी होती है। इसे लेकर प्रार्थिया की भाभी पार्वती सोनवानी, इंद्रा रात्रे, सकवंती बंजारे एवं उसकी मां भगवत देवी रात्रे तथा अन्य लोगो के द्वारा 13 सितंबर की शाम करीब 7 बजे से 07.30 बजे के मध्य समझाने के लिए गए थे। इसी दौरान आरोपी तो देवनाथ जांगड़े, सेवती जांगड़े, कोमल जांगड़े, सुखदेव जांगड़े एक राय होकर तुम लोग हमें बोलने वाला कौन होते हो कहकर गाली गलौज करने लगे। जब प्रार्थिया और उसके भाई भाई प्रताप सिंह रात्रे के द्वारा गाली गलौच करने से मना किया गया, तब आरोपियों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ मुक्का, पत्थर से मारपीट किया गया, जिससे दोनों को चोटे लगी। आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## गुहार: ग्रामीणों ने कलेक्टर से अवैध कब्जा और पद से हटाने की मांग की

# सरकारी जमीन पर कब्जा, उपसरपंच के खिलाफ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- पंचायत अधिनियम का दिया हवाला बोले- पद से हटाया जाए और कब्जा मुक्त कराने की भी मांग

सरकारी जमीन में कब्जा करने वाले उपसरपंच के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए किशनपुर के ग्रामीणों ने कलेक्टर से अवैध कब्जा और उपसरपंच को पद से हटाने की गुहार लगाई है। कलेक्टर और एसडीएम के नाम सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि छत्तीसगढ़ पंचायत राज के अधिनियम के तहत ग्राम पंचायत का किसी भी पदाधिकारी द्वारा शासकीय भूमि पर कब्जा किये जाने पर पद से पृथक किए जाने का प्रावधान है।

साथ ही ग्रामीणों ने बताया है कि शासकीय भूमि पर उपसरपंच द्वारा कब्जा कर कॉम्प्लेक्स तैयार कर इससे अर्जित अवैध आय के बूते ग्रामीणों को धमकाने की भी शिकायत ग्रामीणों ने की है। मामला जिले के पिथौरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत किशनपुर का है, जहां के उपसरपंच चंपेश्वर साहू के खिलाफ की गई शिकायत पर ग्रामीण कार्रवाई की बाट जोह रहे हैं। आरोप है कि स्कूल के सामने की शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर मकान एवं कॉम्प्लेक्स तैयार कर किराये पर दे दिया गया है।



ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपे आवेदन में बताया है कि उपसरपंच चंपेश्वर साहू द्वारा स्थानीय गरीबों को फर्जी मामलों में फंसाने की धमकी दी जाती रही है। वहीं आदिवासी महिला सरपंच भी लगातार पंचायत के कार्यों में हस्तक्षेप किए जाने से परेशान है। पंचायत के प्रत्येक कार्य में बाधा पहुंचाए जाने के कारण ग्रामीण विकास में बाधा पहुंच रही है।

ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि उपसरंपच द्वारा गांव में होने वाले विकास कार्यों में सचिव से 5% राशि की भी मांग की जाती है। तथा नही देने पर सचिव को भी झूठे मामलों में फंसाने धमकाया जाता है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है कि चम्पेश्वर द्वारा गांव के राजकुमार बरिहा, बलभद्र साहू, दिलकुमार बाघ को फर्जी मामले में दण्डात्मक कार्यवाही एवं गिरफ्तारी के लिए कलेक्टर को आवेदन दिया गया जिसके चलते ग्रामीणों में भय व्याप्त है। मांग करने वाले ग्रामीणों में राजकुमार बरिहा, बलभद्र साहू, लक्ष्मण, कलाबती, सुमित, ठंडाराम बरिहा, श्याम कुमार, नंदलाल एवं आनंदराम खूंटे सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने सौंपे गए आवेदन में कार्रवाई की मांग की है।

# बाइक सवारों के पास से डेढ़ लाख का गांजा जब्त

**महासमुंद।** जिले को दोनों राष्ट्रीय राजमार्ग जो छग को ओड़ीशा से जोड़ते हैं, इस मार्ग से होने वाली गांजा तस्करी पर लगाम नही लग पा रही है। लगातार धरपकड़ की कार्रवाई के बावजूद लगातार गांजा तस्कर सक्रिय हैं और बेधड़क इस मार्ग से गांजा की तस्करी हो रही है। जिले में पकड़ से बचने वाले तस्कर अन्य जिलों में दबोचे जा रहे हैं। बागबाहरा जनपद कार्यालय के बास पुलिस ने दो लोगों को तकरीबन डेढ़ लाख का 10 किलो गांजा तस्करी करते धर दबोचा। बता दें कि उक्त तस्कर कोमाखान थाना पारकर बागबाहरा थाना क्षेत्र में पकड़े गए। मामले में आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक काले रंग की पल्सर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 10-ईबी-7966 में दो व्यक्ति ओडिशा से बागबाहरा की ओर अवैध रूप से गांजा लेकर आ रहे हैं। इसके बाद जनपद पंचायत कार्यालय के पास एनएच 353 मेन रोड बागबाहरा के पास पहुंचकर पुलिस ने घेराबंदी की। करीबन आधा-पौन घंटे के बाद मुखबिर के बताए हुलिए की बाइक में दो लोग सवार होकर पहुंचे जिन्हें रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ में बाइक चालक ने अपना नाम शंभु दास पिता स्व. धरणीधर दास, (20 वर्ष) हाईस्कूल पारा टिटलागढ, थाना टिटलागढ, जिला बलांगीर (छ.ग.) एवं पीछे बैठे व्यक्ति द्वारा अपना नाम दीपक दास मानिकपुरी पिता कीर्तन लाल मानिकपुरी, (25 वर्ष), भिलोनी, थाना पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) निवासी बताया। जांच के दौरान दोनों संदेहियो के बीच में सीट के ऊपर सफेद रंग प्लास्टिक बोरी में मादक पदार्थ जैसा गांजा मिला, जिसे जब्त कर तौल कराया गया 10.100 किलोग्राम कीमत 1,50,000 रुपए का होना पाया गया। इसके अलावा आरोपियों के कब्जे से मोबाइल, बाइक कुल 2,00,500 रुपए सामान जब्त किया गया। मामले में दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(ख) एनडीपीएस, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर गिरफ्तार किया गया।

## सरायपाली क्षेत्र के दो स्कूलों में चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरायपाली क्षेत्र के दो स्कूलों में चोरी की घटना के मामले में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पहले मामले में शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम बिलाईगढ़ के प्रधान पाठक ने पुलिस को बताया कि दिनेश प्रधान 13 सितंबर को जब सुबह 07.30 बजे स्कूल खोला। इस दौरान देखा कि प्राथमिक शाला के अतिरिक्त भवन का ताला टूटे हुए हालत में नीचे गिरा हुआ था। कमरे के अंदर जाकर देखने पर वहां रखा गैस सिलेंडर कमरा में नहीं था एवं बाजू के रसोई कक्ष के ऊपर लगे छत में जाकर देखा तो वहां रखा गंजी, कढ़ाही नहीं थे। इस तरह कुल 8000 रुपए का सामान चोरी हो गया था। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। इसी तरह के दूसरे मामले में शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बिछिया में प्रभारी प्राचार्य मनोहर दीवान ने पुलिस को बताया कि 13 सितंबर की सुबह जब 7.30 बजे स्कूल खोला गया, तब देखा कि शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बिछिया के पुस्तकालय रूम, कैंटीन रूम, अतिरिक्त भवन, स्मार्ट क्लास रूम के बाजू में हॉल रूम एवं ऑटो मोबाइल रूम का ताला टूटा हुआ था। बारी- बारी से कमरे के अंदर जाकर देखा गया। तब पता चला कि पुस्तकालय रूम में रखा बैटरी सेट, बैड बाजा ड्रम एवं कैंटीन रूम से एक नग साउंड सिस्टम, स्टेबिलाइजर तथा अतिरिक्त भवन, स्मार्ट क्लास रूम,आटो मोबाइल रूम में सामान बिखरा पड़ा था। इस तरह किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा कुल 20,000 रुपए के सामानों की चोरी कर ली गई। मामले में रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## पर्याप्त बारिश के अभाव में हरुना धान खरपतवार में तब्दील



**नर्रा।** क्षेत्र में बारिश का अभाव एवं बियासी व निंदाई नहीं होने से हरुना धान फसल खरपतवार में तब्दील हो रही है। ज्ञात हो कि क्षेत्र में खंड वर्षा के हालात रहे। जिसके चलते फसल को पर्याप्त पानी नहीं मिला। इससे धान पौधों का ग्रोथ नहीं हो पाया। सिर्फ पौधे जीवित रहे। इससे कुछ फसल मवेशी चराने लायक भी हो गई है, और तो और किसानों ने सरकार पर सोसायटियों में समय पर खाद उपलब्ध नहीं कराने का आरोप भी लगाया। बियासी के समय पर डीएपी, यूरिया खाद नहीं मिलने से धान के उत्पादन में कमी होने की संभावना है। लेकिन, क्षेत्र में ऐसे किसान है कि जो ज्यादा रेट में यूरिया खाद खरीदने में असमर्थ रहे और एक बार भी खाद नहीं डाला, जिसके चलते धान के पौधे पीले हो गए। किसान 800 सौ 900 रुपए तक यूरिया खाद खरीदने को मजबूर हैं। व्यापारी मौके का फायदा उठाकर दलाली कर लाल जरूर हो रहे है। क्षेत्र के किसानों ने बताया कि यदि सोसायटी से पर्याप्त मात्र में यूरिया खाद मिलता तो एक एकड़ खेती में एक बोरी यूरिया खाद डाला जाता है। लेकिन, महंगे दाम पर मिलने से प्रति एकड़ 10 से 15 किलोग्राम ही डाला जा रहा है।



## स्कूल शिक्षा मंत्री से मुलाकात

**पिथौरा।** स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से मंत्रालय में मुलाकात कर भाजपाइयों ने शाल, श्रीफल व बुके भेंट किया। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय का दायित्व अपने आप में इसलिए अहम है, क्योंकि नई शिक्षा नीति का आगाज हो चुका है। और इसके सफल क्रियान्वयन का दायित्व आपके मजबूत कंधों पर सौंपा गया है। निःसंदेह शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन होगा और आपके कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शिक्षा का हब बनेगा। शिक्षा में गुणात्मक सुधार एवं छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में हमारा छत्तीसगढ़ तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि पिथौरा ब्लाक की शैक्षिक समस्याओं को लेकर जल्द ही प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री से पुनः भेंट करेगा। इस दौरान युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री दुलिकेशन साहू, किसान मोर्चा अध्यक्ष अजय डड़सेना आदि मौजूद रहे।

# एनएचएम कर्मचारियों ने मौन रैली निकालकर किया विरोध-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ एनएचएम कर्मचारी संघ के बैनर तले जिला इकाई महासमुंद में लगातार 27वां दिन आंदोलन जारी रहा। आज जिले के सभी आंदोलनरत कर्मचारियों द्वारा लोहिया चौक से गांधी चौक तक मौन रैली के माध्यम से सरकार के उदासीन रवैए का विरोध प्रदर्शन किया गया। जिला इकाई महासमुंद के आंदोलनरत कर्मचारियों के हौसला बढ़ाने के लिए दीपक तिवारी कर्मचारी नेता, सीएचओ प्रकोष्ठ के संभाग अध्यक्ष मुकेश कुमार टंडन का आगमन हुआ था। उन्होंने अपने वक्तव्य के माध्यम से सभी कर्मचारियों को अपनी एकता और उत्साह बनाए रखने की अपील की एवं आश्वस्त किया कि जब तक मांगों के संबंध में कोई लिखित आदेश पारित नहीं हो जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। हड़ताल को अपना नैतिक समर्थन देने नियमित संघ से दीपक तिवारी का भी आगमन हुआ था। हड़ताल में जिला अध्यक्ष रामगोपाल खूंटे, उपाध्यक्ष अरुणा अग्रवाल, जिला प्रवक्ता डॉ देवेंद्र साहू, प्रवीण नामदेवे, सुनील साहू, टेकलाल नायक, परमेश्वर सेन, मुकेश निषाद, याचिका चंद्राकर, सुजाता चंद्राकर, मेघा तंबोली, संगीता सोनवानी, मीरा ध्रुव उपस्थित थे।



# शिक्षिका को अपमानित किए जाने के मामले में प्रभारी प्राचार्य के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम नरतोरा स्थित सरकारी स्कूल में बैठक के दौरान शिक्षिका के साथ हुए कथित दुर्व्यव्हार के मामले में पुलिस द्वारा प्रभारी प्राचार्य के खिलाफ पटेवा थाना में अपराध दर्ज किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सिंघनपुर निवासी और शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नरतोरा में पदस्थ शिक्षिका पंचकुमारी योगी पति स्व. यादराम योगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 30 अगस्त की दोपहर 2.15 बजे शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय नरतोरा में स्टाफ मीटिंग रखी गई। जहां प्रभारी प्राचार्य द्वारिका प्रसाद चंद्राकर द्वारा प्रार्थिया को कार्य नहीं करते हो, बात नहीं मानते हो, मैं आपका अधिकारी हूं, कहकर सभी स्टाफ के सामने मीटिंग में कथित तौर पर अपमानजनक व्यवहार किया गया।

पुलिस के अनुसार मीटिंग समाप्त होने के पश्चात इस संबंध में चर्चा करने के लिये प्रार्थिया प्राचार्य कक्ष में गई और कहा कि वह मानसिक रूप से आहत हुई है, जिस पर द्वारिका प्रसाद चंद्राकर प्रभारी प्राचार्य द्वारा जातिगत गाली देते हुए फिर अपमानित कर धमकी देते हुए, जाओ जहां जाना है, जहां शिकायत करना है, कर दो कहा गया। पटेवा थाने में आवेदन के अवलोकन के बाद प्रथम दृष्टया धारा 3(1)(द), 3(1)(ध) एससी/एसटी एक्ट के तहत आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### मामले में गठित जांच दल की भूमिका पर उठ रहे सवाल

मामले में शिक्षा विभाग द्वारा गठित जांच दल द्वारा भी लीपापोती कर मामले को रफा दफा किए जाने की जानकारी मिली है।

दल द्वारा मामले में पीड़ित को न्याय नही मिलने की आशंका होने पर पीड़िता ने कलेक्टर और एसपी से गुहार लगाई जिसके बाद उच्चाधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए।



## भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में राष्ट्रीय महासचिव पांडेय का हुआ भव्य स्वागत

**महासमुंद।** भाजपा राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व सांसद शनिवार को बागबाहरा घुंचापाली स्थित मां चंडी दर्शन के लिए पहुंची। बागबाहरा प्रवास के दौरान स्थानीय बरोंडा चौक में भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू के नेतृत्व में भाजपाजनों ने पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, राहुल चंद्राकर, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, शहर मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा, रमेश साहू, आनंद साहू, निरंजना शर्मा, सुधा साहू, मीना वर्मा, महिला नेत्री उषा पाल, सीता तोंडेकर सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। स्वागत पश्चात जिलाध्यक्ष येतराम साहू, भाजपा नेता राहुल चंद्राकर, आनंद साहू भी राष्ट्रीय महासचिव के साथ माता दर्शन के लिए रवाना हुए। ।

## जिला कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ताओं ने किया धरना-प्रदर्शन

# सेवादल ने धरना देकर देश के नेतृत्व को गद्दी छोड़ने की मांग दोहराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रविवार को जिला कांग्रेस सेवादल के तत्वावधान में कांग्रेस भवन के सामने वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा बुलंद करते हुए धरना प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अरुण ताम्रकार, प्रदेश महामंत्री राजेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजेश शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं के स्वागत से हुआ। पश्चात जिला सेवादल अध्यक्ष नीतेंद्र बैनर्जी तथा जिला महिला सेवादल की अध्यक्ष जयश्री दास ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

कार्यक्रम को सेवादल प्रदेश अध्यक्ष अरुण ताम्रकार, महासमुंद जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर, महासमुंद नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शाहबाज राजवानी, जिला कांग्रेस महामंत्री संजय शर्मा, किसान कांग्रेस उपाध्यक्ष राजेश जैन, जिला महामंत्री गौरव चंद्राकर तथा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ढेलू निषाद ने भी संबोधित किया।



धरनास्थल पर वरिष्ठ कांग्रेसजनों एवं कार्यकर्ताओं ने पहुँचकर नरेंद्र मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं चुनाव में हुई धांधली को उजागर किया। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि देश की जनता से विश्वासघात कर सत्ता पर काबिज रहने वाली मोदी सरकार को अब गद्दी छोड़नी होगी।

इस अवसर पर सेवादल प्रदेश सचिव कविता तिवारी, पिछड़ा वर्ग के प्रदेश सचिव प्रदीप चंद्राकर, ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष हुलास गिरी गोस्वामी, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जसबीर ढिल्लो, भारत ठाकुर, शहर महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष अन्नू चंद्राकर, मिंदर चावला, रत्नेश साहू, तबरेज खान, सुनील चंद्राकर, बसंत चंद्राकर, मोती साहू, सनी नायक एवं शिव बघेल भी उपस्थित रहे। साथ ही महासमुंद जिला कांग्रेस सेवादल के कमल प्रजापति, सिद्धांत साहू, आलोक पांडे, श्याम सेन, भोज साहू, रुपेश चौहान, राकेश साहू मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष नीतेंद्र बैनर्जी तथा आभार प्रदर्शन महामंत्री श्याम सेन ने किया।

## खबर संक्षेप



### सरायपाली आगमन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज से की मुलाकात

**सरायपाली।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का केजुआ रोड स्थित नवीन विश्राम गृह में आगमन हुआ। रायगढ़ प्रवास के दौरान कुछ देर के लिए रुके। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक चातुरी डिग्रीलाल नंद के साथ कांग्रेसजनों से भेंट मुलाकात की। राजेंद्र कुमार यादव जिला महामंत्री कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग ने भी मुलाकात की। इस दौरान मयंक यादव मोंटी, तुषार यादव, अमित सतपथी, अनस खान,पंकज बीसी, मोहनलाल भोई, भरत मेश्राम, दीपक साहू, तेजराम पटेल, रमीज रजा खान पार्षद, अनिल पटेल, ओम चौहान, जयंत यादव, सुरेश भोई, श्रीराम मानिकपुरी, प्रभात पटेल, गोलू मुखेंद्र पटेल सरपंच, गोपाल अग्रवाल, बिरंची बेताल, सादराम पटेल आदि उपस्थित रहे।



### राष्ट्रीय लोक अदालत में लंगर का आयोजन

**सरायपाली।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय में लोक अदालत सुनवाई में सिख समाज सरायपाली द्वारा लंगर (भोजन) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगम सेवा समिति द्वारा शीतल जल की सेवा भी दी गई।

### शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर जय मां दुर्गा समिति की हुई बैठक

**महासमुंद।** शारदीय नवरात्र इस वर्ष 22 सितंबर से आरंभ हो रहा है, जिसकी तैयारियां समितियों द्वारा प्रारंभ कर दी गई है। ग्राम मामा भांचा में भी इस वर्ष नई साज-सज्जा के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा विराजमान करने की तैयारी शुरू करने बैठक आहूत की गई। बैठक में सर्वप्रथम पदाधिकारियों का चयन एवं मनोकामना ज्योत प्रज्वलित करने पर चर्चा हुई। समिति ने विगत वर्ष चयनित पदाधिकारी के कार्यकाल एवं सेवाभाव को देखते हुए इस वर्ष भी उनके कंधों पर जिम्मेदारी सौंपी गई। पदाधिकारियों में संरक्षक हरक कन्नौजे, दीनदयाल कन्नौजे, लिलेश्वर साहू, सहसंरक्षक कुलेश्वर साहू, टिकेश साहू, अध्यक्ष डिगेश्वर साहू, उपाध्यक्ष छन्नू यादव, सचिव मनीष साहू, सहसचिव ओमेश साहू, कोषाध्यक्ष धनसाय साहू, सह कोषाध्यक्ष कोमल महानंद, पंडा रेवत कन्नौजे, सह पंडा मनोज गिरि गोस्वामी यथावत बने रहेंगे। वहीं माता सेवा जस गीत की प्रस्तुति के लिए अरुण साहू को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जय मां दुर्गा समिति में मनोकामना ज्योत प्रज्वलित करने वाले श्रद्धालुओं के लिए 701 रुपए का सहयोग राशि निर्धारित किए गए है। बैठक में कोमल महानंद, हरक कन्नौजे, धनसाय साहू, मनोज गोस्वामी, घनश्याम साहू, अरुण साहू, लिलेश्वर साहू, डिगेश्वर साहू, सुखचंद ध्रुव, दीनदयाल कन्नौजे, छन्नू यादव, सिद्धेश्वर यादव, मनीष साहू, चित्रसेन साहू, चंद्रशेखर यादव आदि उपस्थित रहे।

**राहत:** चनौरडीह निवासी बालिका को लगातार पेट में दर्द की थी शिकायत

# 14 वर्षीय किशोरी को दुर्लभ बीमारी चिकित्सकों की टीम ने किया उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

चिकित्सा क्षेत्र में एक दुर्लभ उपलब्धि हासिल करते हुए बसना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने एक 14 वर्षीय किशोरी को एक दुर्लभ बीमारी से बचाया। चनौरडीह निवासी एक 14 वर्षीय बालिका को लगातार पेट में दर्द की शिकायत के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना लाया गया। शुरुआती जांच में, जिसमें खून की सामान्य जांच और सोनोग्राफी शामिल थी, कोई असामान्य लक्षण नहीं मिले। ऐसे में, रोगी के पेट का दर्द एक रहस्य बन गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना में कार्यरत चिकित्सक डॉ. केशव साहू ने अपने गहन चिकित्सकीय अनुभव का इस्तेमाल करते हुए पेट के टीबी का संदेह जताते हुए इसे बेहद दुर्लभ स्थिति बताया। भारत में कुल टीबी के मामलों में से केवल 1 से 3 प्रतिशत लोगों को ही प्रभावित करती है। इस कारण, इसका पता लगाना और निदान करना एक बहुत बड़ी



चुनौती होती है, जिसके लिए गहरी समझ और विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। डॉ. साहू ने मरीज की टीबी की जांच कराई, लेकिन रिपोर्ट भी सामान्य आई। बावजूद इसके, उनके चिकित्सकीय अनुभव ने उन्हें सही दिशा दिखाई। स्थानीय समाजसेवी और उत्तर प्रधान की मदद से, मरीज के परिवार को तुरंत रायपुर के शासकीय मेडिकल कॉलेज में उच्च स्त्रीय उपचार के लिए रेफर किया गया।

**दुर्लभ लेकिन गंभीर बीमारी**

पेट का टीबी एक अत्यंत दुर्लभ स्थिति है, जो कुल टीबी मामलों में केवल 1 प्रतिशत से 3 प्रतिशत तक पाई जाती है। इसके लक्षण-जैसे पेट दर्द, सूजन, बुखार, वजन घटना और भूख न लगना अन्य सामान्य बीमारियों से मिलते-जुलते हैं, जिससे इसका निदान कठिन हो जाता है। ऐसे मामलों में चिकित्सक की दक्षता और अनुभव ही सही दिशा तय करता है।

रायपुर में टीबी विभाग के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने गहन और विशिष्ट जांचों के बाद डॉ. साहू के संदेह की पुष्टि की। यह पुष्टि होने पर, बच्ची का तुरंत शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. दयानंद होता की देखरेख में इलाज शुरू किया गया। इस पूरी घटना पर बसना के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नारायण साहू ने संतोष व्यक्त किया और बसना की पूरी चिकित्सा टीम की सराहना की।

# नवनीत ने अपनी विद्वता का परचम लहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



सिख इतिहास, संस्कृति और गुरबाणी पर आधारित विश्व प्रसिद्ध टीवी क्विज शो 'आओ बनिए गुरसिख प्यारा' अपने 37वें सीजन के दूसरे एपिसोड के साथ दर्शकों के बीच लौट रहा है। इस बार इसमें सरायपाली निवासी गुरुबख्शीश आहूजा की सुपुत्री एवं रायपुर निवासी सरदार गुरप्रीत सिंह की धर्मपत्नी नवनीत कौर सलूजा ने पहली बार हिस्सा लिया। नवनीत कौर अपनी विद्वता का परचम लहराने के लिए तैयार थी। यह विशेष एपिसोड रविवार, 14 सितंबर को सुबह 10:30 बजे चरदीकला टाइम्स टीवी चैनल पर प्रसारित हुआ। रायपुर की इस होनहार प्रतिभागी के प्रदर्शन को लेकर उत्सुकता चरम पर रही कि क्या नवनीत कौर ज्ञान और आत्मविश्वास के बल पर इस मंच का खिताब अपने नाम करेंगी? यह जानने के लिए दर्शक को रविवार को उत्सुक रहे।

**सामाजिक भावना**

नवनीत कौर ने शो में अपनी भागीदारी को लेकर उत्साह साझा करते हुए कहा कियह मेरे लिए गर्व और सम्मान का क्षण है। इस मंच ने न केवल मुझे अपने गुरमत ज्ञान को परखने का अवसर दिया है, बल्कि सिख इतिहास और गुरबाणी की गहराइयों को और निकट से समझने का भी मौका प्रदान किया है। मैं पूरी तैयारी के साथ इस चुनौती को स्वीकार कर रही हूं और आशा करती हूं कि मेरी यह यात्रा दर्शकों को प्रेरित करेगी।

**शो की अनूठी पहचान 'आओ बनिए गुरसिख प्यारा'**

सिख दुनिया में एक ऐसा मंच बन चुका है, जो अपने अनोखे प्रारूप के कारण विशेष पहचान रखता है। इसमें प्रतिभागियों को नौ चुनौतीपूर्ण प्रश्नों का सामना करना पड़ता है। प्रतियोगिता को और रोचक बनाने के लिए ऑडियो-विजुअल राउंड और दो लाइफलाइन भी दी जाती हैं। इसका उद्देश्य केवल ज्ञान की परख करना नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को गुरमत की गहराई और सिख संस्कृति की सुगंध से जोड़ना है।

### मनराखन लाल साहू का निधन



**खल्लारी।** क्षेत्र के गांधी ग्राम तमोरा निवासी कृषक व समाज सेवी मनराखनलाल साहू (72) का शनिवार 13 सितम्बर को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में ही किया गया। अंतिम यात्रा पर बड़ी संख्या में परिजन, ग्रामीणजन, सामाजिक पदाधिकारी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वे ग्राम पंचायत तमोरा सरपंच व जय खल्लारी परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष सेवाराम साहू के ज्येष्ठ भ्राता एवं विनोद साहू, जितेंद्र साहू के पिता व हितेश साहू, मिथलेश साहू, दीपेश साहू के बड़े पिता थे।

### छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव में शामिल होंगे कवि मीर अली मीर

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महाविद्यालय प्राचार्य करुणा दुबे एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ दुर्गावती भारतीय, रासेयो जिला संगठक डॉ मालती तिवारी के मार्गदर्शन में हिंदी विभाग एवं जनभागीदारी प्रबंधन समिति द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन 16 सितंबर 2025 को किया गया है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा होंगे। इस मौके पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल व समस्त जनभागीदारी समिति के सदस्यगण मौजूद रहेंगे। सम्मेलन में मुख्य कवि के रूप छत्तीसगढ़ की संस्कृति को अपनी कविताओं से महकाने वाले छत्तीसगढ़ के रसखान कवि मीर अली मीर काव्यपाठ की प्रस्तुति व प्रसिद्ध कविता (नंदा जाहि का रे) के कविताओं से समा बांधेंगे। छत्तीसगढ़ के भांचा राम का गुणगान करने वाले छत्तीसगढ़ के तुलसीदास नंदकुमार साहू, कवि गुलाब ठाकुर, श्लेष चंद्राकर गजलकार, अभिषेक वैष्णव भी अपनी प्रस्तुति देंगे। उक्त जानकारी महाविद्यालय के छात्र दिनेश कुमार साहू ने दी है।

### नवरात्र पर श्वेत गंगा बम्हनी स्थित सावित्री माता में जलेंगे मनोकामना के ज्योत

**महासमुंद।** पंचवटी तीर्थ धाम श्वेत गंगा बम्हनी में शारदीय नवरात्रि पर मनोकामना के दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। यहां विराजित मां सावित्री देवी के समक्ष मनोकामना के दीप प्रज्ज्वलन के लिए 751 रुपए की राशि निर्धारित की गई है। उक्त जानकारी देते हुए डॉ. संतोष कुमार अग्रवाल ने बताया कि नवरात्र पर्व 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होगा। प्रतिदिन संध्या बेला में माता सेवा की जाएगी। साथ ही माता की विशेष दर्शन झांकी सजाई जाएगी। उन्होंने श्रद्धालुओं से दर्शन लाभ लेने की अपील की है।

## छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित

**महासमुंद।** राज्य शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत हाईस्कूल मोहगांव में छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण अंचल की बेटियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना एवं विद्यालय तक उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राएं, अभिभावक एवं नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष महासमुंद येतराम साहू रहे।



उन्होंने अपने उद्बोधन में छात्राओं को साइकिल वितरित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की यह योजना वास्तव में शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम है। ग्रामीण क्षेत्र की अनेक छात्राएं आज भी विद्यालय की दूरी एवं परिवहन की समस्या से जूझती हैं, ऐसे में उन्हें निःशुल्क साइकिल प्रदान करना, उनकी पढ़ाई को सुगम बनाने के साथ-साथ शिक्षा की निरंतरता सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि आज की बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए ऐसे कदम बेहद सराहनीय हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला विकास समिति के अध्यक्ष चेतन साहू ने की। उन्होंने विद्यालय की विभिन्न समस्याओं से जिलाध्यक्ष को अवगत कराया और कहा कि यह योजना केवल छात्राओं के लिए परिवहन का साधन नहीं है, बल्कि यह उनके आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने का मार्ग भी है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में खल्लारी मंडल अध्यक्ष लोकेश पुनरिया, जनपद सदस्य भूपेंद्र दीवान, ग्राम पंचायत मोहगांव के सरपंच नरेंद्र दीवान, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष आनंद साहू, पंकज चंद्राकर ज़िला एथलेटीक संघ के जिलाध्यक्ष एवं ताराचंद देवांगन मण्डल महामंत्री खल्लारी, रेखराज साहू, मिडिल स्कूल अध्यक्ष उदय साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष बीकेबाहरा द्रोण पटेल, भुनेश्वर लोधी सरपंच ग्राम पंचायत पाली, शंकर नेताम शाला विकाश प्रबंध समिति झारा, कोमल साहू वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, यादराम साहू भाजपा कार्यकर्ता, कन्हैया दीवान, राकेश साहू युवा मोर्चा, लीलेश साहू, संजय साहू, घनश्याम सेन, चंद्रप्रकाश साहू केशर दीवान सहित जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

## आत्मानंद विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी सह आइडिया प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी सह आईडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां विद्यार्थियों ने विज्ञान मॉडल की प्रदर्शनी लगाई। मुख्य अतिथि एसएमडीसी अध्यक्ष डॉ आशीष दास ने कहा कि किसी भी देश की सामाजिक, आर्थिक प्रगति की नई आशाएं और नई आकांक्षाएं युवा पीढ़ी और उनके वैज्ञानिक सोच, रचनात्मक कार्यों, नवाचारों पर निर्भर होती है। विद्यार्थियों की नई उड़ान के लिए विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन अभिनव पहल है। बीईओ प्रकाशचन्द्र मांझी ने प्रदर्शनी का मुआयना करते हुए हौसला आफजाई किया। और कहा कि यह नवाचारों की शक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन है, जहां बाल वैज्ञानिकों की प्रगति के लिए उनकी रचनात्मकता को सहयोगात्मक प्रयासों से खूब प्रोत्साहन प्राप्त हो रहा है। यह आयोजन काफ़ी प्रशंसनीय है। प्राचार्य मनोज पटेल ने बताया कि विद्यार्थियों में नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने,




प्रोत्साहित करने यह विशिष्ट कार्यक्रम विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी एवं ज़िला विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सक्रिय सदस्य यशवंत कुमार चौधरी ने बताया कि स्कूली विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच में बदलाव लाने और समस्या समाधान के लिए नवोन्मेष को बढ़ावा देने, बाल वैज्ञानिकों के सम्मान में यह सफल आयोजन किया गया है। इस प्रदर्शनी में मुख्य रूप से बाल वैज्ञानिकों ने स्टीम पावर प्लांट, जियो थर्मल पॉवर प्लांट, वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट, एडवांस लाइब्रेरी, थर्मल इलेक्ट्रिक जनरेटर, लिफ्ट प्रिवेंशन, ग्रीन एनर्जी फ्रॉम किचन वेस्ट, ब्लू गोल्ड कंजर्वेशन, फिजिकल डिवीजन ऑफ इंडिया, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, बज वायर गेम, ऑटोमैटिक वाटर डिस्पेंसर, रूट सोलर सिस्टम, सोलर पॉवर प्लांट, न्यूक्लियर पावर प्लांट, विटस्टोन ब्रिज, तेसला कोइल, हाइड्रोलिक क्रेन, ग्रीन हाउस प्रभाव, विंड मिल, ट्रैफिक सिग्नल, सूर्यग्रहण मॉडल, वोल्केनो मॉडल की प्रदर्शनी लगाई गई।

## अखिल भारती कुर्मी क्षत्रिय महासभा की हुई बैठक, पूनम चंद्राकर का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अखिल भारती कुर्मी क्षत्रिय महासभा महासमुंद की बैठक प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभूषण वर्मा व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूनम चंद्राकर की उपस्थिति में हुई। जिसमें पूनम चंद्राकर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर स्वागत व सम्मानित किया गया। आगामी माह में अखिल भारती कुर्मी क्षत्रिय महासभा का सम्मेलन करने पर चर्चा की गई। इसमें मुख्यमंत्री सहित समाज के अन्य पदाधिकारी को बुलाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर समाज में उत्कृष्ट कार्य कर रहे महिलाओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

इस मौके पर पूनम चंद्राकर ने कहा कि समाज को ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सभी को संगठित होना जरूरी है, इसलिए सभी संगठित



होकर रहे और अपने उद्देश्य को सफल बनाए। चंद्रभूषण वर्मा ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बताते हुए सामाजिक एकता पर चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ सरोज निरंजना चंद्राकर, द्रोण चंद्राकर, गौरव चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, डेविड चंद्राकर, गिरजा चंद्राकर, रमा, सुरेखा, मीणा, तारिणी, शशि, पिंकी, आशा, सती, विनय आदि मौजूद रहे। महिला जिला अध्यक्ष निरंजना ने कहा कि हमारे धार्मिक ग्रंथ सभी के घरों में है, जो आलमारी में बंद रखे रहते हैं। कोई पढ़ने वाला नहीं है, क्योंकि ज्यादा समय मोबाइल व्हाट्सएप एवं टीवी में समय निकाल लेते हैं, ऐसे समय में हमारे समाज की ये महिला-बहनें अपना कीमती समय निकालकर धार्मिक ग्रंथ रामायण का प्रचार कर रही है, मैं इन महिलाओं को धन्यवाद देती हूं। छत्तीसगढ़ी व्यंजन को राष्ट्रीय दिल्ली तक राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए अखिल भारतीय जिला अध्यक्ष निरंजना चंद्राकर का सम्मान सभी पदाधिकारी ने किया। रामायण मंडली की सभी महिलाओं को डायरी पेन एवं रुमाल देकर सम्मानित किया गया

## राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**महासमुंद।** 25वीं राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता राजनांदगांव जिला में आयोजित की गई थी। जिसमें पांच संभाग रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, सरगुजा एवं बस्तर के खिलाड़ियों ने गतका 17, 19 वर्ष बालक-बालिका, योग 14, 17, 19 वर्ष बालक-बालिका, हॉकी 19 वर्ष बालक-बालिका खेलों में अपनी खेल प्रतिभा दिखाई। जिसमें गतका 17 वर्ष 19 वर्ष बालक-बालिकाओं में रायपुर जोन से तुसदा हायर सेकंडरी स्कूल बागबाहरा के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रायपुर जोन को ओवरआल चैंपियनशिप दिलाए। गतका 17 वर्ष बालिका में सिंगल सूटी टीम गेम में देवहूति ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा 19 वर्ष सिंगल छुट्टी टीम गेम में आकांक्षा ने कड़े मुकाबले में जीतकर रायपुर जोन को स्वर्ण पदक दिलाया। इसी तरह 19 वर्ष बालक वर्ग में छत्रपाल साहू तथा 19 वर्ष फरी छुट्टी वर्ग में देवर्थ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रायपुर जोन को रजत पदक दिलाया। तुसदा स्कूल के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, जिला सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, जिला क्रीड़ा अधिकारी मनोज धृतलहरे, तुसदा स्कूल के प्राचार्य महेंद्र सिंह मरकाम, शिक्षकगण, व्यायाम शिक्षिका अंजू प्रजापति ने हर्ष जताया है।



# दुर्गा विद्यालय में विशाल रक्तदान शिविर, 171 ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लंबर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरायपाली विधायक चतुरी नंद, अध्यक्षता मोगरा किशन पटेल अध्यक्ष जिला पंचायत, विशिष्ट अतिथि विजय लहरे जिला शिक्षा अधिकारी, सीमा नायक सभापति लोक निर्माण दूरसंचार विभाग जिला पंचायत, डॉक्टर अनिता चौधरी समाज सेविका व सदस्य राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, विशेष आथित्य पूर्णानंद मिश्रा पूर्व विखं स्त्रोत समन्वयक बसना, घसिया सिदार जनपद सदस्य, किशन पटेल किसान नेता, त्रिलोचन नायक पूर्व जिला पंचायत सदस्य, मनोज जैन, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, प्रतीक जैन, गौरव जैन, प्रदीप जैन, अशोक अग्रवाल अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के सदस्यगण उपस्थित थे। रक्तदान दाताओं ने बढ़-चढ़कर इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। रक्तदान कार्यक्रम में 171 रक्तदान दाताओं ने रक्तदान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं गणेश भगवान की मूर्ति में पूजा अर्चन कर किया गया। पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय परिसर में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं विवेकानंद की मूर्ति में पूजा अर्चना किया गया। मुख्य अतिथि विधायक चतुरी नंद द्वारा विद्यालय परिसर में कृष्ण भगवान की मूर्ति का भी अनावरण किया गया। इस रक्तदान शिविर में आसपास क्षेत्र के नागरिकों एवं महिलाओं ने बड़ी संख्या में




रक्तदान कार्यक्रम में भाग लिया। रक्तदान दाताओं को मुख्य अतिथि चतुरी नंद ने हेलमेट एवं मोमेंटो प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने मुख्य अतिथि की आसंदी से कहा कि रक्तदान समाज में मानवता और भाईचारा का संदेश देता है। उन्होंने सभी को बढ़-चढ़कर रक्तदान करने की अपील की।

कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों से अपील की, ऐसे कार्यक्रम में सेवा भावना, समाज सेवा के लिए आगे आए। रक्तदान कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रही मोंगरा पटेल ने ऐसे ही सेवा कार्य करते रहने की अपील की। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे ने रक्तदान किसी का जीवन बचाने का काम है। हमें मिलकर इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाते रहना होगा, ऐसे में ही समाज का विकास होगा। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि डॉ अनिता चौधरी एवं विशेष अतिथि पूर्णानंद मिश्रा ने भी संबोधित किया। विशिष्ट अतिथि डॉ अनिता चौधरी द्वारा सभी रक्तदाताओं को मोमेंटो दिया गया। कार्यक्रम में रक्तदान शिविर में अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के सदस्य विनोद जैन, ऋषभ जैन, पारख जैन, प्रदीप जैन का विशेष योगदान रहा। रक्तदान शिविर में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिसमें भानु प्रिया अग्रवाल, मीतु अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, आकांक्षा पटेल, जमुना पटेल, अनिता पटेल, सुकमोती चौहान, द्रौपदी देवदास ने अपना रक्तदान किया। कार्यक्रम में जीएस तोमर अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, जीपी पटेल प्राचार्य, आरआर पटेल, श्याम सुंदर चौधरी, अभिमन्यु पटेल, डीके प्रधान, जेके जायसवाल, बीएल साहू, एमडी मानिकपुरी, सीआर जायसवाल, एलके साहू, एलके सिदार, टीआर जायसवाल, एफएल बरिहा, खिरोद्र सिदार उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आरके पटेल ने किया।

## आदि कर्मयोगी अभियान के तहत मनरेगा भवन में विलेज वर्कशाप

**सरायपाली।** आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत सभाकक्ष मनरेगा भवन में आदि सहयोगी विलेज वर्कशॉप आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नोडल अधिकारी एवं सीईओ अमित हालदार और सहायक नोडल अधिकारी अजय माधवन ने मां सरस्वती की पूजा और दीप प्रज्ज्वलन से किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. प्रकाश पटेल, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, सदस्य वेद नायक और गोपबंधु पटेल उपस्थित रहे। अतिथियों ने कहा कि यह अभियान विकसित भारत विजन 2030 के तहत जनजातीय बहुल गांवों को विकसित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। इस अभियान के लिए विकासखंड को 5 क्लस्टरों-डुडुमचुवां, अर्जुण्डा, भगतसराईपाली, खोखेपुर और पझरापाली में विभाजित किया गया है। इनके अंतर्गत आने वाले 16 गांवों से शिक्षक, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आरएचओ और सक्रिय महिलाओं को आदि सहयोगी के रूप में प्रशिक्षित किया गया। ये सहयोगी गांव-गांव जाकर प्रशिक्षण देंगे और कार्य योजना तैयार करेंगे। प्रशिक्षण में परिचय फाड़ना, मोमबत्ती जलाकर अंधेरा दूर करना, रोल प्ले, नक्शा बनाना, कार्यपुस्तिका चर्चा जैसी गतिविधियां कराई गईं। अंत में सहयोगियों को शपथ दिलाई गई। कार्यशाला को सफल बनाने में विभिन्न विभागों के मास्टर ट्रेनर-कृष्ण कुमार मांझी, वर्षा अग्रवाल, रेखा खम्हारी, सुरेश पटेल, भानु प्रताप सिदार, योगेश साहू, दुर्वादल दीप, खिलेश्वर साहू, नीतू पटेल और प्रत्यूष तांडे का योगदान रहा।



## खबर संक्षेप



### शांत्रीबाई कॉलेज के छात्रों ने खैरा में निकाली रैली

**महासमुंद।** शांत्रीबाई महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ रजत उत्सव के तहत ग्राम खैरा रैली निकाली गई। जहां ग्रामीणों इस उत्सव के बारे में बताया गया। इन पिछले 25 वर्षों में राज्य में जितने भी विकास कार्य हुआ, इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ सविता चंद्राकर ने की। कार्यक्रम के संयोजक मेनका चंद्राकर एवं सह संयोजक लुकेश साहू रहे। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी गायत्री चंद्राकर के मार्गदर्शन में छात्रों द्वारा ग्रामीणों को नुक्कड़ नाटक के लिए गांव के गौरा चौक के पास एकत्र किया गया। पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा नृत्य, कविता और नाटक प्रस्तुत कर ग्रामीणों का ध्यान आकर्षित किया एवं जागरूक करने का प्रयास किया। नुक्कड़ नाटक में सरकार के मुख्य योजना जैसे स्वसहायता समूह, हर घर जल, प्रधानमंत्री आवास योजना, सुकन्या समृद्धि योजना जैसे विभिन्न समाज हितैषी योजनओं के प्रति ग्रामीणों को जानकारी दी एवं उनका लाभ कैसे उठाएं उसके बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर ग्राम खैरा के सरपंच प्रांशु चंद्राकर, पंचगण ललित चंद्राकर, सेजल चंद्राकर, कुंती यादव, सुलोचना साहू, सरिता एवं ग्रामीणों का भी विशेष सहयोग रहा। महाविद्यालय स्टाफ गुलाब चंद्राकर, आकांक्षा सिंह, आर्शीन सालोमन, रेशम लाल साहू, हीना चंद्राकर, नरेंद्र टांडी, गोविंद श्रीवास, भूमिका दुबे आदि मौजूद रहे।

### एशिया कप मलेशिया में भारतीय बास्केटबॉल टीम ने जीत से की शुरुआत

**महासमुंद।** फीबा अंडर 16 वूमेंस एशिया कप 2025 का आयोजन मलेशिया में 13 से 19 सितंबर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें भारतीय अंडर 16 महिला राष्ट्रीय बास्केटबॉल टीम में छत्तीसगढ़ से महासमुंद जिले की दिव्या रंगारी पिता विनोद रंगारी का शामिल है। जिसने भारतीय टीम से पहला मैच खेला, जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने के साथ ही पहले मैच में जीत हासिल कर लिया है। इंडिया ने शानदार खेल खेलते हुए कड़े मुकाबले में ईरान को 70- 67 अंकों से हराकर एशिया कप में जीत से शुरुआत की।

# समाज का दर्पण और सामान्य लोक की अभिलाषा है पत्रकारिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भंवरपुर

लोकतंत्र की पत्रकारिता के बिना कल्पना करना असंभव है। पत्रकारिता स्वेच्छाचारिता पर नियंत्रण है। पत्रकारिता समाज का दर्पण है। पत्रकारिता सामान्य लोक की अभिलाषा है। पत्रकारिता वित्तीय और कोषीय अनियमितताओं का नियमन है। पत्रकारिता जनाकांक्षाओं का सूत्र है। पत्रकारिता शिक्षा है। पत्रकारिता समाज है। पत्रकारिता ही शासन की योजनाओं, परियोजनाओं का विस्तृत लेखा है। पत्रकारिता सही मायनों में लोकतंत्र का प्राण है। पत्रकारिता के इन्हीं मायनों को छात्रों तक संदेशित करने उत्कृष्ट विद्यालय के अध्येताओं के बहुआयामी विकास के शिल्पकार प्राचार्य टीके पटेल के सर्वश्रेष्ठ मार्गदर्शन व वरिष्ठ व्याख्याता एनके दीवान के निर्देशन में शिक्षक दुर्गा प्रसाद पटेल व परिश्रमी विद्यार्थियों द्वारा ज्ञान व जीवन निर्माण केंद्र उत्कृष्ट विद्यालय भंवरपुर में आयोजित किया गया।

सेजेस भंवरपुर में पत्रकारिता के महत्त्व को छात्र-छात्राओं के लिए प्रकाशित करने पत्रकारिता सम्मान समारोह का शुभारंभ मां वीणावादिनी के चरणों में पूजन, अर्चन व छात्राओं द्वारा सुमधुर वंदना तथा भंवरपुर क्षेत्र के समस्त समाचार संवाददाता कुबेर चरण नायक, सत्यप्रकाश अग्रवाल, करुणाकर उपाध्याय, भोज प्रधान, विनोद अग्रवाल व विजय चौहान की उपस्थिति में हुआ।

## उत्कृष्ट विद्यालय भंवरपुर में पत्रकारिता सम्मान समारोह का आयोजन

### प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण

विगत दिनों ईको क्लब के प्रभारी शिक्षक दुर्गा प्रसाद पटेल द्वारा सेजेस भंवरपुर में आयोजित पर्यावरण प्रदूषणः कारण और निवारण विषय पर निबंध प्रतियोगिता तथा प्लास्टिक मुक्त कैरी बैग निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों योगेश सिदार, पार्वती सिदार, रुपकुमार सिदार, सरोजनी चौहान, खुशबू सिदार, सुमीत यादव आदि को उनकी प्रतिभा व श्रेष्ठ प्रदर्शन के कारण मोमेंटो प्रदान कर पुरस्कृत व उत्साहवर्धन किया गया तथा पर्यावरण के महत्त्व को भी बताया गया।



### उपस्थित अतिथिगण एवं शिक्षकगण

पत्रकारिता और शिक्षा के महत्त्व पर आधारित इस सम्मान समारोह में कुबेर चरण नायक, सत्यप्रकाश अग्रवाल, करुणाकर उपाध्याय, भोज प्रधान व विजय चौहान आदि संवाददाताओं के साथ विद्यालय के शिक्षकगण पीके निर्मलकर, एनके दीवान, ए भोई, एसएल चौहान, डीके बंधु, एवी कदम, डीके दास, आर देवांगन, पीके बारीक, एचआर चौहान, डीपी पटेल, एसके भोई, एचएस पटेल, एमएल पटेल, एल नायक, एल चौहान आदि तथा समस्त विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। आभार प्रदर्शन उत्कृष्ट विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य पीके निर्मलकर ने किया।

## आयोजन: स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी कॉलेज में हुआ रजत जयंती का समापन

# रजत जयंती केवल एक पड़ाव नहीं, बल्कि यह हमारी सामूहिक यात्रा और प्रगति का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ रजत जयंती समारोह के अंतिम दिवस समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, विशेष अतिथि देवीचंद राठी नपा उपाध्यक्ष, सतपाल सिंह पाली अध्यक्ष महाविद्यालय जनभागीदारी समिति, डॉ मंजू शर्मा सदस्य, रीतेश गोलछा सदस्य, सुजाता विश्वनाथन सदस्य, पीयूष साहू पार्षद, रमेश साहू एवं शरद राव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल ने की। कार्यक्रम के संयोजक के रूप में वरिष्ठ प्राध्यापक (हिंदी) प्रतिमा चंद्राकर रही।



कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन अर्चन से हुई। तत्पश्चात कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का क्रमशः पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। स्वागत उद्बोधन की कड़ी में संस्था प्रमुख डॉ. अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की रजत जयंती केवल बीते 25 वर्षों का उत्सव नहीं है, बल्कि यह हमारे राज्य की सामूहिक उपलब्धियों और भविष्य की आकांक्षाओं का प्रतीक है। देवीचंद राठी ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ की रजत जयंती हम सबके लिए आत्ममंथन और नई ऊर्जा का अवसर है। राज्य ने शिक्षा और विकास की दिशा में जो कदम बढ़ाए हैं, उन्हें और आगे ले जाने की जिम्मेदारी हम सबकी है। सतपाल सिंह ने कहा कि यह रजत जयंती केवल सरकार की नहीं, बल्कि हर नागरिक की जयंती है। जब समाज और शिक्षा संस्थान मिलकर काम करते हैं तभी विकास का वास्तविक स्वरूप सामने आता है। हमें मिलकर आने वाले 25 वर्षों को स्वर्णिम छत्तीसगढ़ बनाने का संकल्प लेना होगा। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की रजत जयंती केवल एक पड़ाव नहीं, बल्कि यह हमारी सामूहिक यात्रा और प्रगति का प्रतीक है।

### विविध स्पर्धा के विजयी प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

समापन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ रजत जयंती के प्रारंभिक दिवस 08 सितंबर से लेकर 12 सितंबर तक हुए विभिन्न कार्यक्रमों के विजेता छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। भाषण प्रतियोगिता में ट्विंकल साहू बीएससी तृतीय सेमेस्टर को प्रथम, हेमलता निषाद बीए तृतीय वर्ष को द्वितीय, शिवानी दवे बीए तृतीय सेमेस्टर को तृतीय रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में तोशिका बीए तृतीय वर्ष प्रथम, ऋतु साहू बीए तृतीय वर्ष द्वितीय, श्रद्धा साहू बीएससी तृतीय वर्ष तृतीय, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में ग्रुप बी और सी ने क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिसमें विजयलक्ष्मी साहू, रितु साहू, जिज्ञासा चंद्राकर, हेमलता निषाद, तोशिका सिन्हा, कशिश चंद्राकर, मानसी छत्री, माहेनूर खान, अदिति साहू एवं श्रद्धा साहू रहें। कार्यक्रम का संचालन रवि देवांगन प्रोफेसर अर्थशास्त्र ने किया। अंत में महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय विभागाध्यक्ष तरुण कुमार बांधे द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में महाविद्यालय के अतिथि व्याख्याता डॉ. ग्लैडिस एस मैथयू समाजशास्त्र, आलोक हिरवानी कंप्यूटर साइंस, चित्रेश बरेठ रसायन शास्त्र, संजय कुमार अंग्रेजी, माधुरी दीवान वाणिज्य, खुशबू ग्रंथपाल, शेषनारायण साहू लैब टेक्नीशियन, जगतारण बघेल लैब टेक्नीशियन, नानक साहू कंप्यूटर ऑपरेटर समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# उत्कल समाज की शोभायात्रा का नपाध्यक्ष ने किया स्वागत




हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

उत्कल समाज द्वारा रविवार को नुआखाई पर्व पर नगर में शोभायात्रा निकाली गई। पारंपरिक वेशभूषा, ढोल-नगाड़ों और सांस्कृतिक झांकियों से सजी इस शोभायात्रा ने नगरवासियों का मन मोह लिया।

शोभायात्रा का स्थानीय नेहरू चौक पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, सभापति सूरज नायक, उत्कल समाज अध्यक्ष किनारी नायक, दशरथ महानंद, परस महानंद एवं उपस्थित वरिष्ठजनों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष साहू द्वारा जनसमूह को आइसक्रीम वितरण भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रत्नेश साहू, शाहबाज़ राजवानी, शुभम चंद्राकर, होरी लाल साहू, कुणाल सेन, आयुष भोसले, रत्न पाल, आशीष सिक्का, मनोज सिन्हा, कान्हा प्रधान, भीम बघेल एवं तिलक नेताम सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। वरिष्ठजनों एवं समाज के पदाधिकारियों ने नुआखाई पर्व की शुभकामनाएं दीं और नगर पालिका अध्यक्ष एवं सभापति की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

### राज्य स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता में सेजेस तुमगांव की भूमि ने जीता स्वर्ण पदक

**महासमुंद।** राज्य स्तरीय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता मैच का आयोजन जिला बलौदा बाजार में किया गया। जिसमें प्रथम मैच दुर्ग और रायपुर संभाग के बीच खेला गया। जिसमें रायपुर संभाग की टीम विजय रही। इस खेल में बालक बालिका वर्ग 14, 17, 19 के खिलाड़ियों का अच्छा प्रदर्शन रहा। इस प्रतियोगिता में महासमुंद जिला की खिलाड़ी भूमि यादव कक्षा सातवीं पिता पोषण लाल यादव पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमगांव की बालिका ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर अपने टीम को विजय हासिल करवाई। खिलाड़ी की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, सहायक क्रिया अधिकारी अंजलि बरमाल, जिला क्रीड़ा अधिकारी मनोज धृतलहरे एवं ब्लॉक अधिकारी लीलाधर सिन्हा, संस्था के प्राचार्य एल कुरील, वरिष्ठ व्याख्याता आईएल साहू, एस जैंद्रे, केआर साहू, पवन डड़सेना, सिद्धांत गायगौरे, खेल प्रभारी कामता प्रसाद साहू, डोलेश होता समेत छात्रों ने हर्ष जताया है।



# नवागांव स्कूल में प्रश्न मंच का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव में छत्तीसगढ़ के रजत जयंती के अवसर पर प्रश्न मंच का आयोजन किया गया। प्रश्न मंच में छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित 100 से अधिक प्रश्न किए गए। जिसमें भौगोलिक, राजनीतिक, धार्मिक तथा सांस्कृतिक प्रश्नों का समावेश था। प्रश्न मंच के लिए विद्यार्थियों को चार समूह अरपा नदी, पैरीनदी, महानदी एवं इंद्रावती समूहों में विभाजित किया गया था।




कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेरणा गीत सुबह सवेरे लेकर तेरा नाम प्रभु एवं भारत माता, सरस्वती माता की जयकारे के साथ किया गया। संस्था के प्रधान पाठक अरुण कुमार साहू ने रजत महोत्सव के विषय में अपने विचार रखे। शिक्षिका किरण दीवान ने अपने अनुभव साझा करते हुए राज्य के विकास में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रश्न मंच का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी शिक्षक मेमन चंद्राकर एवं निर्णायक के भूमिका में शिक्षक अमर साहू द्वारा किया गया। प्रश्न मंच में प्रथम स्थान पैरी नदी समूह ने प्राप्त किया, जिसके ग्रुप लीडर रागनी ढीढी थी। द्वितीय स्थान महानदी समूह ने प्राप्त किया, जिसके ग्रुप लीडर कोमल सिन्हा, इंद्रावती एवं अरपा समूह तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में ग्रुप के सभी सदस्यों का योगदान सहयोगात्मक रहा।

# अग्रसेन जयंती के पूर्व बागबाहरा में बैडमिंटन प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा



नगर के इंडोर स्टेडियम में अग्रसेन जयंती पूर्व बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन केवल खेल तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह समाज, संस्कृति और इतिहास के गौरव का भी उत्सव बन गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन अग्रवाल समाज द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल समाज के अध्यक्ष ऋषि अग्रवाल ने की। वहीं विशेष अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता गणेश शर्मा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता की शुरुआत अग्रवाल समाज की आराध्य देवता महाराजा अग्रसेन की पूजा-अर्चना से हुई। समाजजनों ने सामूहिक रूप से महाराजा अग्रसेन का स्मरण कर उनके आदर्शों को नमन किया और आयोजन की सफलता के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। बागबाहरा में हुए इस आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया कि जब समाज और शासन एक साथ मिलकर कार्य करते हैं, तो न केवल खेल और संस्कृति को बढ़ावा मिलता है, बल्कि नगर की पहचान और गौरव भी नई ऊंचाई पर पहुंचता है। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवेश साहू, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ताम्रध्वज बघेल, सविता दीवान, पार्षद शैलेश साहू, पार्षद प्रीति महेंद्र गुप्ता, पार्षद रमेश ठाकुर, पार्षद मंता यादव, पार्षद मेनका पोखराज साहू, पार्षद मिथुन अमीर, बघेल, खोमेश, दुर्गेश, सृष्टि अग्रवाल संजय, राहुल, यशवंत, विशाल, अविनाश, दिनेश, सुभाष, पीयूष आदि मौजूद रहे।

### अग्रवाल समाज का गौरवशाली इतिहासः द्वारिकाधीश

मुख्य अतिथि विधायक द्वारिकाधीश यादव ने अपने संबोधन में अग्रवाल समाज के आराध्य महाराजा अग्रसेन की जीवन गाथा और आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन केवल एक राजा नहीं थे, बल्कि वे एक युगद्रष्टा समाज सुधारक थे। उनके एक रुपया और एक ईंट की परंपरा ने समाज में समरसता और आर्थिक सहयोग की नींव रखी। यह नीति इस बात की प्रतीक थी कि समाज का कोई भी व्यक्ति भूखा या बेघर न रहे। यादव कहा कि अग्रवाल समाज का गौरवशाली इतिहास आज भी प्रेरणा देता है। यह समाज शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाए हुए है। ईमानदारी, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के कारण अग्रवाल समाज न केवल अपने लिए, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करता है। विधायक यादव ने आगे कहा कि व्यापारी वर्ग शासन को टैक्स के रूप में जो राशि देता है, उसी के परिणामस्वरूप नगर को विकास कार्यों की सौगात मिलती है। इसी का प्रत्यक्ष उदाहरण यह इंडोर स्टेडियम है। उन्होंने व्यापारी वर्ग और अग्रवाल समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज का योगदान ही किसी नगर और प्रदेश को समृद्ध बनाता है। यह बैडमिंटन प्रतियोगिता केवल खेल प्रतियोगिता नहीं रही, बल्कि समाज के इतिहास और परंपरा को याद करने का भी अवसर बनी। अग्रसेन जयंती के पूर्व यह आयोजन इस बात का प्रतीक है कि खेल और संस्कृति का संगम समाज की पहचान को और मजबूत करता है।

# खेल केवल मनोरंजन ही नहीं, अब बन गया रोजगार का सशक्त माध्यम : निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम पंचायत चिरको में जय बैगा बुढ़ादेव कबड्डी समिति द्वारा कबड्डी स्पर्धा का शुभारंभ 12 सितंबर को किया गया। रात्रिकालीन कबड्डी स्पर्धा में दर्जनों टीमों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका महासमुंद अध्यक्ष निखिलकांत साहू थे। अध्यक्षता जनपद सभापति रोशन पटेल ने की। विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत पूर्व सभापति अमर अरूण चंद्राकर, पूर्व उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, युकां विस अध्यक्ष सौरभ लोधी, सरपंच खेमराज भट्ट, उपसरपंच दुष्यंत ध्रुव, गोविंद चंद्राकर, मोचन पटेल, तेजराम यादव, लोकनाथ साहू ग्राम विकास समिति अध्यक्ष, जवाहर साहू समाज अध्यक्ष चिरको परिक्षेत्र, अभय कुंभकार पूर्व सरपंच, हेमराज साहू दिलीप पटेल, भगतराम पटेल, भुनेश्वर निषाद, रत्नेश साहू, शाहबाज राजवानी, योगेश साहू व समस्त पंचगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि खेल हमारे जीवन का आवश्यक अंग है तथा खेल के माध्यम से हम न केवल अपने शरीर को तंदुरूस्त रख सकते हैं। बल्कि, आज खेल केवल मनोरंजन ही नहीं बल्कि रोजगार का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। कबड्डी जमीन से जुड़ा खेल है। शहरी क्षेत्र में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कम होता है। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं द्वारा कबड्डी स्पर्धा का आयोजन किया जाना प्रशंसनीय है। कबड्डी के माध्यम से ग्रामीण प्रतिभाओं को खेल कौशल का प्रदर्शन करने का मौका मिलता है। आज प्रो कबड्डी के माध्यम से राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ी अपने गांव, देश-प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। साहू ने गांवों में उभरती प्रतिभाओं को देखकर कहा कि महासमुंद जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह का आयोजन से हम सभी गौरवान्वित हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मोचन पटेल, संतोष पटेल, बोधन ध्रुव, अलख ध्रुव, लालाराम साहू, भेखलाल पटेल, दानी पटेल, टीके साहू, मुकेश साहू, देवानंद ध्रुव, युगल किशोर पटेल, बसंत साहू, जितेश पटेल, पवन ध्रुव, घनश्याम ध्रुव, मिथुन पटेल, संतोष मिरी, मोन्टी ध्रुव, लोकेश साहू, रेवा पटेल, रोशन ध्रुव, रेशम पटेल, मिलेंद्र सेन, कोमल ध्रुव, विष्णु पटेल, नारायण ध्रुव व बड़ी संख्या में कबड्डी खिलाड़ी व ग्रामीण उपस्थित थे।



# आप की जोन स्तरीय बैठक में महासमुंद के कार्यकर्ता हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ में संगठन विस्तार के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के प्रभारी सांसद संदीप पाठक, मुकेश आल्हावत, विधायक दिल्ली एवं प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू की उपस्थिति में पिछले चार दिनों से पूरे छत्तीसगढ़ में जोन स्तरीय बैठक हो रही है। जिसमें 13 सितंबर को सिंधु भवन शंकर नगर रायपुर में रायपुर जोन की बैठक हुई। जहां महासमुंद लोकसभा व रायपुर लोकसभा के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष पदाधिकारीगण कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित थे। जिसने राज्य में नई रणनीति पर विचार किया गया। महासमुंद जिले से भी चारों विधानसभा से पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसमें महासमुंद विधानसभा के प्रमुख जितेंद्र साहू, बसना विधानसभा के इरफान खान, खल्लारी विधानसभा के शुभम पांडेय, सरायपाली विधानसभा के सनत चौहान ने अपनी बात रखी। इसके अलावा संदीप पाठक, मुकेश राज्य अध्यक्ष गोपाल साहू ने संगठन विस्तार, पार्टी विस्तार पर अपनी बात रखी। बैठक में महासमुंद जिलाध्यक्ष राकेश झाबक, प्रदेश सचिव संजय यादव, बसना के हमारे पार्षद इरफान भाई और इलू बेगम, महिला महासमुंद जिलाध्यक्ष मेघा चंद्राकर, महिला विंग में सीमा दीवान चंचल मानिकपुरी, शुभम पांडे आदि शामिल रहे।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### बेमचा खल्लारी मंदिर में ज्योति प्रज्ज्वलन 22 को

**महासमुंद**। क्वांर नवरात्र महोत्सव पर ग्राम बेमचा के मूल खल्लारी सिद्ध शक्ति पीठ मंदिर में ज्योति प्रज्ज्वलन 22 सितंबर सोमवार को होगा। यहां मनोकामना तेल ज्योति 701 रुपए निर्धारित है। ज्योति स्थापना 22 सितंबर सोमवार को दोपहर 12 बजे, पंचमी श्रृंगार 26 सितंबर शुक्रवार, हवन अनुष्ठान 30 सितंबर मंगलवार को संध्या 05 बजे, ज्योति शांति 30 सितंबर मंगलवार रात्रि 12 बजे होगा। उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।



### राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर प्रतिभा पब्लिक स्कूल में हुआ कार्यक्रम

**सरायपाली**। राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर प्रतिभा पब्लिक स्कूल बालसी में अनेक कार्यक्रम हुए। विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम अणुव्रत गीत का गायन किया। प्रार्थना के पश्चात वरिष्ठ हिंदी शिक्षक गणेश सामल ने हिंदी में काव्य पाठन करते हुए कार्यक्रम शुभारंभ की। छात्रा तानी अग्रवाल, आरोही, सवेरा बरिहा और अदिति तथा लता द्वारा गीत प्रस्तुत की गई। अध्यापिका गीतांजलि प्रधान, अनिता चौधरी एवं अध्यापक राजेश दुबे ने भी हिंदी भाषा को लेकर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर प्राचार्य नरहरि पटनायक ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों से हिंदी भाषा को राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बताते हुए उसके सम्मान करने की अपील की। इस अवसर पर उपप्राचार्य नासिर खान के साथ समस्त शिक्षक-शिक्षकाएं उपस्थित थे।

### विश्वकर्मा जयंती पर प्रकाश नाइट कार्यक्रम 17 को

**नर्रा**। ग्राम नर्रा में 17 सितंबर बुधवार को विश्वकर्मा जयंती पर सार्वजनिक विश्वकर्मा पूजा उत्सव का कार्यक्रम रखा गया है। भगवान विश्वकर्मा ब्रम्हांड का वास्तुकार माना जाता है, जिन्होंने सृष्टि के रचना और सजाने-संवारने का कार्य किया है। जयंती पर रात्रि में छत्तीसगढ़ी फिल्म स्टार प्रकाश अवस्थी नाइट स्टार का कार्यक्रम पंचायत भवन के सामने रखा गया है। इस कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि चंद्रहास चंद्राकर कृषक व बीज निगम अध्यक्ष होंगे। अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर करेंगे। विशिष्ट अतिथि सुरेश चंद्रवंशी अध्यक्ष कृषक कल्याण परिषद, अजय अग्रवाल भाजपा नेता, विपिन चंद्राकर, तेजन चंद्राकर पूर्व मंडी अध्यक्ष बागबाहरा, भेखलाल साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष बागबाहरा, नितिन जैन मंडल अध्यक्ष कोमाखान, एवन साहू सरपंच संघ अध्यक्ष, जनपद सदस्य पूजा साहू, भाजपा महिला मोर्चा किरण यदु होंगे।

**कार्यक्रम:** हाईस्कूल खोकसा में सुलेख एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन

# जिले में पहली बार केबीसी की तर्ज पर हुआ प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)



शासकीय हाईस्कूल खोकसा में पूर्णिमा ज्ञानेश्वरी फाउंडेशन के तत्वावधान में छात्रहित सर्वोपरि कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती महोत्सव पर विखं स्तरीय प्रश्न मंच एवं सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह पर महासमुंद जिला शिक्षाधिकारी विजय कुमार लहरे, बसना विखं शिक्षाधिकारी विनोद कुमार शुक्ला, विखं स्त्रोत समन्वयक बद्री विशाल जोल्हे एवं सहायक विखं शिक्षाधिकारी लोकेश्वर कंवर, बड़े साजापाली प्राचार्य यूएस पटेल, पूर्व बीआरसी पूर्णानंद मिश्रा, समाजसेविका अनिता चौधरी, ढुटीकोना प्रभारी प्राचार्य एसके भोई, डिजेंद्र कुर्रे, वारिश कुमार, गजेंद्र नायक आदि समन्वयक एवं संस्था प्रमुख उपस्थित थे। जिनके करकमलों से प्रश्न मंच प्रतियोगिता के विजेता हितेश पटेल व गरिमा बारीक सेजेस बसना, उपविजेता प्रियंका भोई व गायत्री सिदार कन्या शाला भंवरपुर तथा सुलेख प्रतियोगिता के विजेता देवचरण साहू बड़े साजापाली एवं उपविजेता अमन साहू सेजेस भुकेल को प्रशस्ति पत्र, शील्ड एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर डीईओ लहरे ने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। प्रतियोगिता की शुरुआत छात्र जीवन से प्रारंभ हो जाता है। जीवन के हर क्षेत्र में हमें प्रतियोगिता का सामना करना पड़ता है। स्कूल शिक्षा विभाग स्कूल स्तर से लेकर राज्य स्तर तक विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित कर बच्चों को प्रतियोगिता के लिए तैयार करने सतत प्रयासरत है। उन्होंने यह भी कहा कि बिना शासकीय बजट के इतनी बड़े आयोजन के लिए पूरे आयोजक समिति को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा इस तरह के आयोजन जिला स्तर पर भी आयोजित की जाएगी। बसना बीईओ शुक्ला ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति छात्रों में रुझान बढ़ती है। बीआरसी जोल्हे ने कहा कि इस तरह केबीसी की तर्ज पर प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित करना राज्य में अनूठा एवं नवीन नवाचार है। पुरस्कार वितरण समारोह को यूएस पटेल, पूर्णानंद मिश्रा, अनिता चौधरी आदि ने भी संबोधित किया।

इस प्रतियोगिता का उद्घाटन संकुल प्राचार्य पीएन ठाकुर, समन्वयक एनके चौहान, चनाट प्रभारी प्राचार्य ओगरे, बिछिया प्रभारी प्राचार्य मनोहर दीवान, व्याख्याता कमलेश साहू, दिलेश्वर बंजारे, रूपलाल चौहान, निराकार पटेल, रत्ना पटेल, प्रधान पाठक एनपी नायक, बीके सिदार, महावीर भोई, रोहित भठ, एसपी पटेल द्वारा मां सरस्वती के समक्ष के दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

प्रतियोगिता के संबंध में संचालक अमित चौरसिया ने बताया कि पूर्णिमा ज्ञानेश्वरी फाउंडेशन विभिन्न क्षेत्रों में जनहित के कार्यों में अपनी भूमिका निभाता आ रहा है। छात्रहित सर्वोपरि कार्यक्रम के तहत सुलेख प्रतियोगिता एवं प्रश्न मंच कार्यक्रम आयोजन का प्रस्ताव विकासखंड शिक्षाधिकारी के समक्ष रखा गया तो उन्होंने इसकी सहर्ष सहमति दी। सुलेख एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता में पूरे विखं के 17 स्कूलों से चयनित छात्रों ने भाग लिया। प्रश्न मंच प्रतियोगिता जो केबीसी के तर्ज पर पहली बार आयोजित हुई। प्रत्येक छात्रों के समक्ष टीवी स्क्रीन, बजर और बैठक व्यवस्था की गई थी, जिसकी प्रशंसा अतिथियों ने की। प्रतियोगिता पांच चरणों में हुई। इसमें प्रथम चरण रैपिड फायर ज्ञान अमृत, दूसरा चरण पास राउंड ज्ञान गंगा, तीसरा ट्रू फॉल्स ज्ञान धारा एवं चौथा चरण बजर राउंड था। चौथे राउंड के बाद 8 स्कूलों के प्रतिभागी प्रतियोगिता से बाहर हो गए और टाप 9 स्कूलों के बीच फाइनल मुकाबला हुआ, जो बजर राउंड का था, वह काफी रोचक था। जिसमें सेजेस बसना की टीम ने प्रथम स्थान हासिल की।

कबाड़ से जुगाड़ के तहत बजर की व्यवस्था की गई थी तथा प्रत्येक छात्रों के समक्ष स्क्रीन में प्रश्न प्रदर्शित हो रहे थे, जिसका उत्तर छात्रों को देना था। इस पूरे प्रतियोगिता का प्रसारण यूट्यूब चैनल के माध्यम से लाइव किया जा रहा था। जिसे पूरे विखं एवं जिला स्तर पर देखा जा रहा था। महासमुंद जिले में पहली बार इस तरह की प्रतियोगिता आयोजित हो रही थी, जिसको लेकर शिक्षकों एवं छात्रों में बड़ी उत्सुकता थी। प्रतियोगिता को सफल बनाने में फाउंडेशन की टीम चंद्रकांत चौरसिया, अमित लक्ष्मीधर प्रधान, कृष्ण कुमार नायक, दीपक पटेल, शैलेंद्र नायक, कमलेश साहू, ज्योति पटेल, संतलाल चौहान, विकास कुमार निषाद, प्रेमचंद साव, रूपलाल चौहान, चितरंजन गढ़तिया प्रश्न मंच प्रतियोगिता को संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में विखं के संकुल समन्वयक गण, नवाचारी शिक्षकगण एवं विद्यालयों के प्रभारी शिक्षक एवं आसपास के शिक्षक शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अमित कुमार चौरसिया एवं आभार व्यक्ति चंद्रकांत चौरसिया ने किया।

### माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में ग्रीन कैंपस-नीम कैंपस कार्यक्रम के अंतर्गत 50 नीम पौधों का रोपण

**महासमुंद**। शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में पहल फाउंडेशन एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में 'ग्रीन कैंपस-नीम कैंपस' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ एवं हरित परिसर का निर्माण तथा छात्राओं में पौधरोपण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शीलभद्र कुमार एवं पहल फाउंडेशन की संस्थापक प्रणिता साहू द्वारा पौधरोपण कर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में कुल 50 नीम पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में यह संकल्प लिया गया कि आने वाले दो वर्षों में परिसर में 200 नीम पौधों का रोपण किया जाएगा, जिससे महाविद्यालय परिसर को एक ग्रीन एवं इको-फ्रेंडली कैंपस के रूप में विकसित किया जा सके। प्राचार्य डॉ. शीलभद्र कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह हम सबका नैतिक कर्तव्य है। नीम का पौधा औषधीय एवं पर्यावरणीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह न केवल वायु को शुद्ध करता है, बल्कि परिसर में प्राकृतिक छाया और हरियाली भी प्रदान करता है। प्रणीता साहू, संस्थापक पहल फाउंडेशन ने कहा कि पहल फाउंडेशन का उद्देश्य समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, हरित वातावरण देना है। यह पहल छात्राओं में जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का एक माध्यम है। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा पौधों की सुरक्षा और देखभाल की जिम्मेदारी लेने का संकल्प भी लिया गया। भविष्य में महाविद्यालय परिसर में नर्सरी, औषधीय उद्यान, अमरूद उद्यान, एवं मशरूम शेड जैसे विविध प्रोजेक्ट स्थापित करने की योजना बनाई गई है, जिससे छात्राओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण और पर्यावरणीय शिक्षा दोनों मिल सकें। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा, एनएसएस प्रभारी डॉ. सरस्वती वर्मा, यूथ रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. श्वेतलाना नागल, आईक्यूएसी प्रभारी अरविंद साहू, भूगोल परिषद से जगदीश प्रसाद खटकर, लाइब्रेरियन अजय श्रीवास, खेल प्रभारी कविता गहिर, वंदना यादव, खगेश्वर प्रसाद नवरंगे, वार्डन सुपरिटेंडेंट संतराम मन्ना डे, लोकनाथ तारक, गुप्तेश नामदेव, उमा साहू, चित्ररेखा साहू, प्रेरणा कापसे, पूजा साहू, चम्मन आडिल, भावेश चंद्राकर,पहल फाउंडेशन के सदस्य एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

## सांसद प्रतिनिधि बने मनमीत, सौंपा नियुक्ति पत्र



**पिथौरा**। महासमुंद लोकसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी ने पिथौरा जनपद पंचायत क्षेत्र के भाजपा नेता मनमीत सिंह छाबड़ा (रिक्की) को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है।

सांसद प्रतिनिधि के रूप में मनमीत की जिम्मेदारी होगी कि वे पिथौरा क्षेत्र की जनता और सांसद के बीच सेतू का कार्य करें। वे क्षेत्र की समस्याओं को संकलित कर सांसद तक पहुंचाएंगे तथा संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर उनके समाधान के लिए पहल करेंगे। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाकर अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित कराने में सहयोग करेंगे। सांसद प्रतिनिधि की भूमिका के अंतर्गत वे सांसद की अनुपस्थिति में विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक एवं शैक्षणिक आयोजनों में प्रतिनिधित्व करेंगे तथा संगठनात्मक गतिविधियों को गति प्रदान करेंगे। इस नियुक्ति से भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष और उत्साह का माहौल है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और सामाजिक संगठनों ने हर्ष जताते हुए विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र की समस्याओं का त्वरित समाधान होगा और विकास की गति और अधिक तेज होगी। नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए छाबड़ा ने सांसद रूपकुमारी चौधरी का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास कार्यों को पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ निभाएंगे।

## शैक्षणिक भ्रमण के तहत राइस मिल पहुंचे सेजेस के छात्र-छात्राएं, सभी क्रियाकलापों से हुए परिचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

शिक्षा कक्षाकक्ष से बाहर अगर धरातल पर दृष्टव्य हो तो निश्चित ही यह शिक्षा का सर्वोच्च स्तर है। इसका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण सेजेस भंवरपुर के अनवरत सेवाभावी शिक्षकों ने अपनी कर्मठता से सिद्ध किया है। उत्कृष्ट विद्यालय भंवरपुर के योजनाकार प्राचार्य टीके पटेल का शिक्षकों के सकारात्मक प्रयास को समर्थन और श्रेष्ठ मार्गदर्शन ने निश्चित ही विद्यालय की छवि को गढ़ा है, विद्यार्थियों की मनसा को पढ़ा है जिससे शैक्षणिक स्तर में एक नया कीर्तिमान का माणिक पड़ा है। इसी तारतम्य में ऊर्जावान और समर्पित शिक्षक सरोज कुमार भोई के द्वारा कक्षा-नवमीं के छात्र-छात्राओं को सामाजिक विज्ञान विषय में कृषि की अनेक प्रक्रियाओं के अंतर्गत शैक्षणिक भ्रमण कराते हुए शिव शक्ति राइस मिल भंवरपुर के समस्त क्रियाकलापों से सुपरिचित कराया गया। उत्कृष्ट विद्यालय से कक्षा-नवमीं के समस्त छात्र-छात्राओं को शिव शक्ति राइस मिल ले जाकर वहां के समस्त क्रियाकलापों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मशीनों की कार्यप्रणाली व तथा चावल के अलग-अलग स्तरों के बारे में प्रत्यक्ष रुप से बताया गया। यह भी बताया गया कि अलग-अलग उत्पादों क्या-क्या उपयोग होता है। विद्यार्थियों द्वारा राइस मिल के संचालक निर्मल अग्रवाल से प्रत्यक्ष रुप से कई सवाल किए गए, जिसका उन्होंने पूरी सहजता और सरलता से जवाब दिए। जैसे धान से धूल, मिट्टी, पत्थर, भूसा, तिनके व अन्य अशुद्धियां अलग करना, धान के ऊपर की परत (खोल/भूसी) निकालकर कच्चा चावल (ब्राउन राइस) प्राप्त करना, ब्राउन राइस से चोकर हटाकर सफेद व चमकदार चावल तैयार करना, चावल को दाने के आकार, गुणवत्ता और रंग के आधार पर अलग करना, तैयार चावल को नापकर थैलों/पैकेटों में पैक करना, चावल को सुरक्षित तरीके से गोदामों में रखना, ताकि नमी, कीट व फफूंद से सुरक्षित रहे, भूसी का उपयोग ईंधन या बिजली उत्पादन में, चोकर का उपयोग तेल निकालने व पशु आहार में किया जाता है। इस दौरान शिक्षकों में राधा देवांगन, हीराराम चौहान, अनुसुईया पटेल व दुर्गा प्रसाद पटेल मौजूद रहे।



## महासमुंद, बागबाहरा दोनों बायपास का डीपीआर प्रगति पर दिल्ली से स्वीकृत होते ही कार्य प्रारंभ होंगे: डॉ पाणिग्राही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

सुशासन तिहार में सामाजिक कार्यकर्ता डॉ विश्वनाथ पाणीग्राही ने बागबाहरा बायपास निर्माण की अपनी 19 वर्ष पुरानी मांग के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत करते हुए जन हित एवं सुरक्षित यातायात के लिए शीघ्र निर्माण की मांग रखी। सुशासन तिहार समापन पश्चात इस संदर्भ में ऑनलाइन उत्तर डॉ पाणीग्राही को प्राप्त हुआ। जिसमें लिखा है कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली के पत्र के माध्यम से पैकेज के अंतर्गत एनएच 353 में बागबाहरा बायपास, महासमुंद बायपास सहित 65 किलोमीटर लंबाई में पेवड सोल्डर सहित 4 लेन सड़क निर्माण के लिए डीपीआर (विस्तृत कार्य योजना ) तैयार करने के लिए मेसर्स लायन इंजीनियरिंग कंसल्टेंट प्रालि भोपाल को क्षेत्रीय कार्यालय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय रायपुर द्वारा अनुमति प्रदान की गई है, जिसका सर्वे कार्य प्रगति पर है। साथ ही डीपीआर सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय नईदिल्ली द्वारा स्वीकृत होने के पश्चात समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर तत्काल कार्य प्रारंभ की जाएगी। यह पत्र मूलतः कलेक्टर महासमुंद को लिखा गया है। सुशासन तिहार संपन्न हुए 5 माह बीत जाने के बाद भी बागबाहरा एवं महासमुंद बायपास निर्माण की कुछ भी जमीनी हलचल न मिलने के कारण वास्तविकता से अवगत होने राजमार्ग 353 के कार्यपालन यंत्री (ईई) ऑफिस रायपुर पहुंचकर डॉ पाणिग्राही ने ईई गोविंद अहिरवार से भेंटकर विस्तृत चर्चा की। ईई अहिरवार ने दोनों बायपास के सर्वे, एलाइनमेंट, डीपीआर की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कार्य प्रगति पर है। एलाइनमेंट डीपीआर पूरा होते ही सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय नईदिल्ली में इंजीनियरों की उपस्थिति में प्रेजेंटेशन दिया जाएगा। इसमें हमारे यहां से भी इंजीनियर शामिल होंगे। प्रेजेंटेशन पश्चात स्वीकृति होते ही निर्माण प्रारंभ होंगे। कितना समय लगेगा इसका सटीक बता पाना संभव नहीं है। समय जरूर लग रहा है। दोनों बायपास एवं पेव्ड सोल्डर सहित 4 लेन सड़क निर्माण जरूर शुरू होगा। चर्चा से संतोष व्यक्त करते हुए डॉ पाणीग्राही ने ईई से कहा कि बायपास न होने तथा दोनों शहर में मुख्य मार्ग शहर के मध्य से गुजरने के कारण दुर्घटनाएं होती हैं। हाल ही में महासमुंद, बागबाहरा दोनों जगह बड़ी सड़क दुर्घटनाएं हुईं हैं। चर्चा के दौरान डॉ पाणिग्राही ने जानकारी दी कि बागबाहरा बायपास की मांग सर्वप्रथम उनके द्वारा वर्ष 2006 में तत्कालीन जिला प्रभारी मंत्री ननकी राम कंवर को ज्ञापन देकर की गई थी। 18 जून 2006 को दूरदर्शन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हेलो मुख्यमंत्री कार्यक्रम में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने स्वीकृति प्रदान करते हुए कहा था कि मैं बागबाहरा की जनता को विश्वनाथ पाणीग्राही के माध्यम से विश्वास दिलाता हूं कि मेरी सरकार बागबाहरा बायपास जरूर बनाएगी। बजट में भी शामिल की जाएगी। बागबाहरा बायपास को साकार देखने डॉ पाणिग्राही समसामयिक अवसरों तथा निरंतर प्रयास की कड़ी में पत्र, ई मेल ज्ञापन सड़क परिवहन राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से दिल्ली, नागपुर, रायपुर में भेंट तथा ज्ञापन के माध्यम से लगातार प्रयास कर रहे हैं। प्रयास निरंतर जारी हैं।



## हिंदी दिवस पर रायतुम स्कूल में विविध आयोजन

**महासमुंद**। शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला रायतुम में हिंदी दिवस मनाया गया। विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें चित्रकारी, निबंध लेखन, कविता भाषण में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल समन्वयक रायतुम गोविंद ध्रुव ने की। इस अवसर पर गोविंद ध्रुव ने कहा कि हिंदी भारत का गौरव, एकता, सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। हिंदी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार को बढ़ावा देना है। लोगों में हिंदी के प्रति जागरूकता पैदा करना है। इस अवसर पर चेतन गायकवाड़ प्रधान पाठक उच्च प्राथमिक शाला रायतुम, रामेश्वरी हनुमंता प्रधान पाठक प्राथमिक शाला रायतुम, खेमराज दीवान, केआर सोनवानी, हेमलता निर्मलकर, लोकेश्वरी साहू ने संबोधित किया। प्रतिभागी बच्चों को कापी पेन देकर सम्मानित किया गया।

## नगर में निकाली गई नशामुक्ति जनजागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

- एसडीएम ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना



नशामुक्ति जनजागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शासकीय आदर्श बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान से हुई, जहां एसडीएम अनुपमा आनंद ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में एनसीसी, एनएसएस, स्काउट-गाइड, रेडक्रॉस, स्कूली एवं कॉलेज विद्यार्थी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, विभाग प्रमुख एवं अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

बैनर, पोस्टर और स्लोगन तख्तियों के माध्यम से आमजन को नशामुक्त जीवन का संदेश दिया गया। एसडीएम अनुपमा आनंद ने कहा कि नशा, नाश की जड़ है। हमें नशामुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए निष्ठा से प्रयास करना होगा और समाज को स्वस्थ एवं प्रगतिशील बनाने की दिशा में योगदान देना होगा। उन्होंने युवाओं से सृजनात्मकता और सकारात्मक ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। रैली हाईस्कूल मैदान से शुरू होकर शहर के मुख्य चौक-चौराहों से होती हुई पुरानी मंडी तक पहुंची और वहीं से वापस हाईस्कूल मैदान में हुई। इस दौरान जयस्तंभ चौक और पुरानी मंडी परिसर में विद्यार्थियों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक का जीवंत मंचन कर नशे के दुष्प्रभावों को उजागर किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी। अंत में एसडीएम ने उपस्थित जनसमूह को नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का संचालन बीआरसीसी सतीश स्वरूप पटेल ने किया।

इस अवसर पर एसडीओपी ललिता मेहर, तहसीलदार श्रीधर पंडा, नायब तहसीलदार हरि भोय, सीईओ अमित कुमार हालदार, बीईओ प्रकाशचंद्र मांझी, बीएमओ डॉ कुणाल नायक, प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं नगरवासी मौजूद रहे। इसी कड़ी में विकासखंड सरायपाली के 90 मिडिल स्कूल एवं 38 हाई/हायर सेकंडरी स्कूलों में भी नशामुक्ति रैली, पोस्टर स्लोगन लेखन व विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया, जिससे गांव-गांव और गली-गली में नशामुक्ति का संदेश गूंज उठा।




